सकारात्मक सोच से बनेगा जीवन खुशहाल

- 450 महिला पुलिस जवानों कों ब्रह्माकुमारीज् ने दिया प्रशिक्षण
- मान लें तो हार है और ठान लें तो जीत
- व्यक्ति बुराईयों से खुद की रक्षा करें तो किसी को खतरा उत्पन्न नहीं होगा

वाराणसी, 14 अक्टूबर । प्रशिक्षणरत महिला पुलिस की जवानों के लिए ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा सकारात्मक एवं खुशहाल जीवनशैली के ऊपर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। नगर के पुलिस लाईन्स में आयोजित उक्त कार्यक्रम में वक्ताओं ने सकारात्मक एवं खुशहाल जीवन के गुर बताते हुए राजयोग का प्रैक्टिकल अभ्यास कराया।

महिला जवानों को सम्बोधित करते हुए **राजयोग प्रशिक्षिका ब्र.कु. तापोशी बहन** ने कहा कि कारात्मक सोच मे वो खूबी है जिसके बल पर हम अनेक असम्भव कार्य को सहज अन्जाम तक पहुॅचा सकते हैं। मन में यदि हम मान लें तो हार होगी और ठान लें तो जीत। हम राजयोग को दिनचर्या में शामिल कर अपने अंदर विद्यमान ऊर्जा को जागृत कर सकते हैं । यदि हम अपने आध्यात्मिक अस्तित्व की पहचान कर परमात्मा के साथ मानसिक बल से सम्पर्क जोड़ लें तो हमारा जीवन दिव्य गुणों एवं शक्तियों से सम्पन्न एवं खुशहाल बन जायेगा।

उन्होंने कहा कि हमें अपनी आदर्शमय जीवन द्वारा समाज एवं देश को सकारात्मक दिशा देनी होगी। हम ही सामाजिक परिवेश के निर्माण के आधार हैं अतः हमें अधिक सचेत रहना होगा।

राजयोग प्रशिक्षक ब्र.कु. विपिन ने शारीरिक अनुशासन के साथ मन, बुद्धि को भी अनुशासित रखने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि यदि हम यह कला सिखलें तो जीवन आनंदित हो जायेगा। हमें अपने जीवन में समय का हार्न सुनकर कार्य करना होगा और यह भी ध्यान रखना होगा कि सृष्टि का रचयिता परमात्मा हमें कब और कौनसे कार्यों के लिए ग्रीन एवं रेड लाईट देता है। यदि नहीं तो हमें अनेक दुःखद परीस्थितियों एवं समस्याओं रूपी दुर्घटना का शिकार होना पडेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस.पी. प्रोटोकाल विकास कुमार वैद्य (आई.पी.एस.) ने प्रशिक्षु महिला जवानों के लिए राजयोग साधना को सरल एवं प्रभावकारी विधि बताया । उन्होंने कहा कि इससे हम अपने जीवन को सन्तुलित, संयमित एवं कार्य को प्रभावशाली बना सकते हैं। कार्यक्रम में **विशिष्ट समाजसेवी बहन श्रीमती विभा वैद्य** ने अपने सुमधुर आवाज में ''प्रभु तेरे रंग में हम रंग गए ऐसे..,, भजन प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया । अपने अनुभव से उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था का वैश्विक परिवार समाज और देश के उत्थान का कार्य कर रही है। जिसमें हम सभी को साथ आना चाहिए।

कार्यक्रम में ब्र.कु. पूनम बहन ने संस्था के परिचय से अवगत कराया। **राजयोगी ब्र.कु. राजकुमार भाई एवं ब्र.कु. गंगाधर भाई** ने भी प्रशिक्षु महिला पुलिस जवानों को अपनी शुभ–कामनायें दी। **आर.टी.सी. के प्रभारी श्रवणकुमार जी** ने ब्रह्माकुमारी संस्था के बहन–भाईयों के साथ महिला पुलिस जवानों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।